CC MM YY KK

RNI. No. MAHHIN-2014/55445 Postal Reg.No. NPCity/437/2023-2025 www.kendriyamanavadhikar.com

केन्द्रीय सम्माननीय जीवन समान अधिकार दैनिक

मानवाधिकार

| नागपुर. शनिवार, 2 अगस्त 2025 | वर्ष - 13 | अंक - 158 | पृष्ठ - 4 | मुल्य - 2 रु.

संपादक : मिलिंद दहिवले

दैनिक केन्द्रीय मानवाधिकार
हिन्दी समाचारपत्र के लिए चाहिए
पत्रकार, क्राइम रिपोर्टर, फोटोग्राफर, काउंसलर, रिसेप्शनिस्ट, मार्केटिंग विभाग इंचार्ज, न्यूज एंकर, वीडियो एडिटर, टेलीकॉलर, इवेन्ट मैनेजर
M/F उमेदवार शीघ्र संपर्क करे
- मुख्य कार्यालय -
प्लॉट नं. 386, चंदन नगर, नागपुर-440 024
संपर्क - 9552011005

न्यूज गैलरी

जंगली रमी खेलने वाले वाले कोकाटे का विभाग बदला

मुंबई – शासन की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। उनसे कृषि मंत्रालय वापस लेकर खेल मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कृषि मंत्रालय अब एनसीपी के ही दत्ता भरने को दिया गया है। इससे पहले वह खेल मंत्रालय संभाल रहे थे। महाराष्ट्र विधानसभा में जंगली रमी खेलनेवाले कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे का विभाग बदल दिया गया है। इस संबंध में शासन की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। उनसे कृषि मंत्रालय वापस लेकर खेल मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कृषि मंत्रालय अब एनसीपी के ही दत्ता भरने को दिया गया है। इससे पहले वह खेल मंत्रालय संभाल रहे थे। जानकारी के मुताबिक माणिकराव कोकाटे के इस्तीफे की बात चल रही थी लेकिन अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस की मुलाकात के बाद कोकाटे का विभाग बदला गया और कृषि मंत्रालय जैसे हेवी वेट मंत्रालय से उन्हें खेल विभाग जैसा कमतर मंत्रालय दिया गया है। राज्य विधानसभा में कोकाटे को रमी खेलते हुए दिखाने वाला वीडियो सामने आने के बाद भारी राजनीतिक विवाद शुरू हो गया था। विपक्ष पिछले कुछ महीनों में कोकाटे की टिप्पणियों को लेकर उनका इस्तीफा मांग रहा था। वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता ने रमी खेलने के आरोपों से इनकार किया है। कोकाटे ने पुणे में कहा था, "मैं इस मुद्दे पर अब और नहीं बोलना चाहता। मैं जांच रिपोर्ट (रमी खेलने के मुद्दे पर) आने के बाद बोलूंगा।" कोकाटे अपने बयानों को भी लेकर विवाद में रहते हैं। कोकाटे ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि किसान अपनी सब्सिडी का दुरुपयोग करते हैं। उन्होंने किसानों को भिखारी कहा था और अपने मंत्री पद को ''बंजर जमीन का स्वामी'' बताया था। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में कोकाटे राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान सदन में अपने मोबाइल फोन पर कथित तौर पर ऑनलाइन 'रमी' खेलते हुए नजर आए थे। यह विवाद अभी थमा भी नहीं था कि उन्होंने किसानों के बारे में अपनी पिछली टिप्पणियों को स्पष्ट करते हुए सरकार को ''भिखारी'' कहकर एक और विवाद खड़ा कर दिया था।

कबूतरों के झुंड को दाना डालने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश - बॉम्बे हाई कोर्ट

मुंबई – कबूतरों को दाना डालने वालों पर अब कार्रवाई हो सकती है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई नगर निगम को ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। कबूतरों को दाना डालने वाले लोगों के लिए बुरी खबर सामने आ रही है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कबूतरों के झुंड को दाना डालने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कबूतरों के झुंड को दाना डालने को सार्वजनिक परेशानी उत्पन्न करने वाला काम कहा है। इसके साथ ही लोगों के स्वास्थ्य को भी खतरा होने की बात कही गई है। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने सुनवाई के दौरान बड़ी बात कही है। पशु प्रेमियों के एक समूह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि ये मामला जनस्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है और ये सभी आयु के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर व संभावित खतरा है। कोर्ट ने इस महीने की शुरुआत में ही बीएमसी द्वारा महानगर क्षेत्र में किसी पुराने कबूतरखाने को गिराने के काम पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि, कोर्ट ने ये भी कहा था कि इन पक्षियों के लिए दाना डालने की मंजूरी नहीं दे सकती। कोर्ट ने बुधवार को हुई सुनवाई में कहा कि बिना मंजूरी के लोग कबूतरखानों दाना डालना जारी रखे हुए हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा- "यह स्थिति अब कानून की घोर अवहेलना की उभरती स्थिति से और भी जटिल हो गई है। हमारे पहले के आदेश में कबूतरों को दाना डालने व उनके जमावड़े का समर्थन करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था और अब नगर निगम के अधिकारियों को इस संबंध में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है।" कोर्ट ने बीएमसी को निर्देशों की उल्लंघन कर के कबूतरों को दाना डालने वालों को पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

नशे की फैक्ट्री... पुलिस ने पकड़ी 400 करोड़ रुपये की ड्रग्स की खेप

मुंबई – मुंबई पुलिस ने ड्रग्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर के करीब 400 करोड़ रुपये की ड्रग्स की खेप जब्त की है। देशभर में ड्रग्स के खिलाफ पुलिस और एजेंसियों की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में ड्रग्स के खिलाफ अभियान में मुंबई पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। मुंबई पुलिस ने एक बड़ी ड्रग्स की खेप पकड़ी है। मिली जानकारी के मुताबिक, 400 करोड़ रुपये की ड्रग्स की खेप जब्त की गई है। इसके अलावा मुंबई पुलिस ने ड्रग्स के मामले में ही कर्नाटक के मैसूर में भी छापेमारी की है।

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बड़ी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। खबर आई है कि पुलिस ने एमडी ड्रग्स जब्त की है। जब्त किए गए

ड्रग्स की कीमत करीब 400 करोड़ रुपये की बताई जा रही है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, मुंबई पुलिस ड्रग्स मामले में मैसूर में छापेमारी की है। मुंबई पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा- "मुझे लगता है कि मुंबई पुलिस ने किसी को पकड़ा है, या तो तस्कर या फिर उपयोगकर्ता। उन्होंने इसे मैसूर में ट्रेस किया है, और जाहिर है, जिस व्यक्ति को उन्होंने पकड़ा है, उसने बयान दिया है कि यह मैसूर से आया है, और वे इसे ढूंढ रहे थे, और उन्हें पता चला है कि एक व्यक्ति या शायद कुछ लोग ऐसा कर रहे हैं।

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने आगे कहा- "मैंने मैसूर कमिश्नरेट को बहुत सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही, पूरे राज्य में, अब हर एसपी को संवेदनशील बना दिया गया है, और हर कमिश्नरेट को यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी चीजें न हों।" इससे पहले रविवार को पुणे शहर में एक 'ड्रग पार्टी' का मामला सामने आया। पुलिस की छापेमारी के बाद 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी आरोपियों को पुणे की एक कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सातों आरोपियों को 29 जुलाई तक पुलिस की हिरासत में भेज दिया है।

खराब लिखावट पर बच्चे का हाथ जलाया, शिक्षिका पर मामला दर्ज

मुंबई – एक ट्यूशन टीचर ने एक मासूम बच्चे का हाथ इसलिए जलाया क्योंकि उसकी हैंडराइटिंग खराब थी। मलाड इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक ट्यूशन टीचर ने आठ साल के मासूम बच्चे को अमानवीय तरीके से सजा दी है। आरोप है कि ट्यूशन टीचर राजश्री राठौड़ ने बच्चे की खराब लिखावट से नाराज होकर उसके हाथ पर जलती हुई मोमबत्ती रख दी, जिससे बच्चे का हाथ बुरी तरह झुलस गया। इस मामले में बच्चे के पिता की शिकायत पर कुरार पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित बच्चा गोरेगांव की एक स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ता है और हर शाम मलाड की जे.पी. डेक्स इमारत में रहने वाली राजश्री राठौड़ के घर ट्यूशन पढ़ने जाता था। घटना वाले दिन उसकी बहन उसे ट्यूशन छोड़ने गई थी। बाद में रात को टीचर ने फोन कर बच्ची को कहा कि वह अपने भाई को वापस ले जाए। जब बहन ट्यूशन लेने पहुंची तो देखा कि बच्चा रो रहा था और उसके दाहिने हाथ पर गंभीर रूप से जलने के निशान थे। जब उसने टीचर से पूछा तो उन्होंने इसे 'नाटक' बताया। लेकिन घर पहुंचने पर बच्चे ने अपने पिता को बताया कि राजश्री मैडम ने उसकी खराब लिखावट की सजा देते हुए उसका हाथ जलती मोमबत्ती पर रख दिया। उसे तुरंत कांदिवली के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मालेगांव बम धमाका : सभी आरोपी कोर्ट से हुए बरी

मालेगांव में हुए बम धमाका मामले में एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने सभी 7 आरोपियों को बरी कर दिया है। महाराष्ट्र के मालेगांव में साल 2008 में हुए बम धमाके मामले में 17 साल का इंतजार आज खत्म हो गया है। मुंबई की NIA स्पेशल कोर्ट इस मामले में आज बड़ा फैसला सुनाया।

कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा और कर्नल पुरोहित समेत सभी 7 आरोपियों को बरी कर दिया है। स्पेशल जज एके लाहोटी इस केस में फैसला सुनाया है। आपको बता दें कि 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था। ब्लास्ट में 6 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हुए थे। भाजपा की पूर्व सांसद उमा भारती ने इस फैसले को लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'भोपाल की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा आज निर्दोष साबित हुईं। प्रज्ञा जी को बधाई एवं माननीय न्यायालय का अभिनंदन।' मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इसे लेकर कहा कि मालेगांव में कोर्ट का फैसला अपीलेबल है। इसका अपील आवश्यक होगा।

साधवी प्रज्ञा सिंह ने कहा, "मैंने शुरू से ही कहा है कि जिन्हें भी जांच के लिए बुलाया जाता है, उसके पीछे कोई आधार होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और गिरफ्तार कर लिया गया और प्रताड़ित किया गया। इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया। मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझे फंसा दिया गया और मुझ पर आरोप लगा दिया गया और कोई भी स्वेच्छा से हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ। मैं जीवित हूं क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं। उन्होंने एक षड्यंत्र के तहत भगवा को बदनाम किया। आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है, और जो दोषी हैं उन्हें भगवान सजा देंगे। हालांकि, जिन्होंने भारत और भगवा को बदनाम किया, वे आपके द्वारा गलत साबित नहीं हुए हैं।"

इस मामले में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित ने जज से कहा, "मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे उसी दृढ़ विश्वास के साथ अपने देश और अपने संगठन की सेवा करने का मौका दिया, जैसा मैं इस मामले में फंसाए जाने से पहले कर रहा था। मैं इसके लिए किसी संगठन को दोष नहीं देता। जांच एजेंसियों जैसे संगठन गलत नहीं हैं, लेकिन संगठन के अंदर के लोग ही गलत हैं। मैं आपको व्यवस्था में आम आदमी का विश्वास फिर से बहाल करने के लिए धन्यवाद देता हूं।"

लैंडस्लाइड का मलबा गिरने से ट्रेन के डिब्बे में घुसा कीचड़ और पत्थर

ठाणे – स्थित कसारा स्टेशन पर एक ट्रेन के ऊपर लैंडस्लाइड का मलबा गिर गया है। इस कारण डिब्बे में कीचड़ और पत्थर घुस गया और एक यात्री घायल हो गया। ठाणे जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला देखने को मिला है। यहां कसार स्टेशन पर लोकल ट्रेन पर भूस्खलन यानी लैंडस्लाइड का मलबा गिर गया। मलबा गिरने के कारण ट्रेन में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, लैंडस्लाइड का मलबा ट्रेन के तीसरे नंबर के डिब्बे पर गिरा। डिब्बे में कीचड़ और पत्थर घुस गया। इस घटना में एक यात्री घायल भी हो गया है। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने कसार स्टेशन पर हुए हादसे के बारे में जानकारी दी है। ये हादसा मंगलवार रात को तब हुआ जब एक लोकल ट्रेन ठाणे जिले में कसारा स्टेशन पर पहुंची। लोकल ट्रेन रात करीब 9 बजकर 15 मिनट पर कसारा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर एंट्री कर रही थी। तभी ट्रेन के एक डिब्बे पर भूस्खलन का मलबा गिर जाने से एक पुरुष यात्री घायल हो गया। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला के मुताबिक, भूस्खलन उस समय हुआ, जब कसारा स्टेशन पर ट्रेन का तीसरा डिब्बा घटनास्थल से गुजर रहा था। डिब्बे के दरवाजे खुले हुए थे। इस कारण थोड़ा कीचड़ और पत्थर ट्रेन में घुस गया। आपको बता दें कि कसारा स्टेशन, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से करीब 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रेलवे अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, कसारा स्टेशन पर ट्रेन पर भूस्खलन का मलबा गिरने के कारण हादसे में घायल हुए यात्री को स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद रेलवे के इंजीनियरिंग कर्मचारियों ने ट्रैक को चेक किया और फिर 9 बजकर 35 मिनट पर ट्रैक को परिचालन के लिए सुरक्षित घोषित किया गया। दी गई जानकारी के मुताबिक, इस पूरी घटना के कारण लोकल या लंबी दूरी की रेल सेवाओं में कोई व्यवधान नहीं हुआ।

दो मासूम बच्चों को जिंदा जलाया, परिजनों का आरोप

पटना – पटना में दो बच्चों की जलकर मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि दबंगों ने बच्चों को जिंदा जलाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिहार की राजधानी पटना में अपराधी बेखौफ हो गए हैं। राजधानी पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि घर में सो रहे दो मासूम बच्चों को अपराधियों ने जिंदा जला दिया। मृत बच्चों की उम्र करीब 10 और 12 वर्ष बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही जानीपुर थाना पुलिस एवं फुलवारी शरीफ अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता ने बताया कि हम पटना के चुनाव आयोग के दफ्तर में कार्यरत हैं और पत्नी एम्स में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर तैनात है। बच्चे स्कूल से पढ़कर आकर घर में सो रहे थे। इस दौरान किसी ने घर में घुसकर दोनों बच्चों को आग के हवाले कर दिया। पलंग पर दोनों बच्चों का शव जली अवस्था में मिला। सूचना पर घर पर पहुंचे तो देखा दोनों बच्चे जल रहे हैं। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी।

ग्रामीणों ने घटना पर संदेह जताते हुए आरोप लगाया है कि यह सामान्य हादसा नहीं बल्कि साजिश है। उनका कहना है कि गांव के कुछ दबंगों ने जानबूझकर घर में आग लगाई, जिससे दोनों बच्चों की जान चली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को बुला लिया है। डॉग स्क्वायड और स्पेशल टीम भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। जांच अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आग लगने से बच्चों की मौत का प्रतीत होता है, लेकिन परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी गंभीरता से जांच की जा रही है। वहीं, दो बच्चों की संदिग्ध मौत के बाद आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने सरकार पर निशाना साधा है। तेजस्वी ने एक्स पर ट्वीट कर कहा कि 'पटना में सत्ता संरक्षित अपराधियों ने घर में घुसकर नर्स के दो नाबालिग बेटों को जिंदा जलाया। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि अब घर, कार्यालय, अस्पताल कहीं कोई सुरक्षित नहीं'।

फुलवारी शरीफ ने बताया की हमें सूचना मिली थी कि दो बच्चे एक लड़का और एक लड़की की आग में जलने से मौत हो गई है। मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई है। परिजन कुछ लोगों पर आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने जानबूझकर आग लगाई। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वहीं परिजनों ने कुछ लोगों पर बच्चों को घर में घुसकर जलाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर क्यों लगाया 25% टैरिफ!

अमेरिका – अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने भारत पर 25% टैरिफ लगाने और एक अगस्त से जुर्माना वसूलने का ऐलान किया है। ट्रंप ने इसके पीछे की वजह बताई, भारत और अमेरिका का दोस्त होने के बावजूद, व्यापार के मामले में कभी बहुत सहयोगी नहीं रहा है। भारत दुनिया में सबसे ऊंचे टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है और वहां नॉन-मॉनेटरी ट्रेड बैरियर्स भी बेहद जटिल और आपत्तिजनक हैं। ट्रंप ने कहा, यही वजह है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक लेन-देन सीमित रहा है।

याद रखें, भारत हमारा मित्र है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमने उसके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि उसके टैरिफ बहुत ज़्यादा हैं, दुनिया में सबसे ज़्यादा हैं, और किसी भी देश की तुलना में उसके यहां सबसे कठोर और अप्रिय गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाएं हैं। इसके अलावा, उसने हमेशा अपने अधिकांश सैन्य उपकरण रूस से ही खरीदे हैं, और चीन के साथ, वह रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है, वो भी ऐसे समय में जब हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं रोके - सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को पहली अगस्त से 25% टैरिफ और उपरोक्त सभी के लिए जुर्माना देना होगा। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। मागा (Make America Great Again)!

एक अगस्त से प्रभावी होगा टैरिफ - अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के लिए टैरिफ की तिथि भी एक अगस्त तय कर रखी है, जब बाकी देशों पर भी उनका टैरिफ प्रभावी होगा। हालांकि ट्रंप ने अपनी टैरिफ का ऐलान उन्होंने पहले ही मई महीने में कर दिया था, लेकिन बाद में इसे एक्सटेंड कर दिया था। उस समय उन्होंने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था, जिसे बाकी देशों को एक्सटेंशन देने के साथ ही 90 प्रतिशत तक एक्सटेंड कर दिया गया था।

आखिरी बार डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ की डेडलाइन एक अगस्त तय की थी और इसको लेकर उन्होंने अलग से पोस्ट भी किया और कहा, "पहला अगस्त, अमेरिका के लिए एक महान दिन होगा।" ट्रंप ने एक अन्य पोस्ट में कहा, "पहली अगस्त की डेडलाइन पहली अगस्त की डेडलाइन है - और यह अटल है, इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। यह दिन अमेरिका के लिए बड़ा दिन होगा।"

CC MM YY KK

संपादक की कलम से

आम नागरिक मसौदा

मिलिंद दहिवले
संपादक

बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अब तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगभग 18.66 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो गई है, 26.01 लाख मतदाता अन्यत्र चले गए हैं तथा 7.5 लाख मतदाता दो स्थानों पर पंजीकृत पाए गए हैं। चुनाव आयोग ने एक जोरदार अभियान चलाया है और 1 अगस्त, 2025 को मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए लगभग 1 लाख बीएलओ, 4 लाख स्वयंसेवक और 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बीएलए काम कर रहे हैं।आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक आम नागरिक मसौदा मतदाता सूची के संबंध में आपत्तियों, सुधारों, समावेशन या बहिष्करण के लिए अधिकारियों को आवेदन कर सकेंगे।

स्वदेशी हस्तशिल्प की अमूल्य धरोहर है कोल्हापुरी चप्पल

भारत के सबसे पुराने पारंपरिक हस्तशिल्पों में से एक, कोल्हापुरी चपला एक बार फिर सुर्खियों में आ रही है। महाराष्ट्र और देश में पीढ़ियों से अपनी अनूठी कारीगरी का जादू बिखेर रही कोल्हापुरी चपला अब विदेशी बाज़ारों में भी धूम मचा रही है। भारत के विविध पारंपरिक हस्तशिल्पों में, कोल्हापुरी चप्पलें इस बात का सच्चा उदाहरण हैं कि मानव हाथों का शिल्प कितना अनूठा हो सकता है। इनकी अपनी एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान है। कोल्हापुरी चप्पलों का सफ़र दरअसल मध्य युग से ही चला आ रहा है। हालाँकि वर्तमान फैशन जगत में इनका पदार्पण नया है, लेकिन इनके पीछे सैकड़ों वर्षों का पारंपरिक ज्ञान, कौशल और पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित संस्थागत प्रयासों का इतिहास छिपा है।

कोल्हापुरी चप्पलें मुख्यतः कोल्हापुर, सांगली और सोलापुर में बनाई जाती थीं। यह कला पीढ़ी-दर-पीढ़ी उन परिवारों में चली आ रही है जो इन चप्पलों को बनाते हैं। प्राकृतिक रूप से प्राप्त चमड़े और गुंथी हुई पट्टियों से बने ये चमड़े के जूते हमारे देश में लगभग 12वीं शताब्दी से बनाए जा रहे हैं। 20वीं शताब्दी के शुरुआती दशकों में, इस प्राचीन शिल्प ने एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मोड़ लिया। कोल्हापुर के दूरदर्शी शासक, छत्रपति राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज ने कोल्हापुरी चप्पलों के उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया और उन्हें एक पेशे के रूप में स्थापित किया। देहाती ग्रामीण चप्पलें बनाने वाले बलुतेदार धीरे-धीरे शाही कारीगर बन गए और उनके बनाए जूते स्वदेशी पहचान के प्रतीक बन गए।

दशकों से हमारी इस बहुमूल्य सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का बीड़ा उठाने वाला सरकारी संगठन, संत रोहिदास चमड़ा उद्योग एवं चमड़ा कारीगर विकास निगम (लिडकॉम) है। चमड़ा उद्योग विकास निगम वर्षों से कारीगरों के लिए कौशल विकास के अवसर पैदा करने, परंपरा में निरंतरता और गुणवत्ता बनाए रखने, और एक ऐसा व्यवसाय बनाने की नीति पर काम कर रहा है जो दीर्घकालिक रूप से आर्थिक रूप से टिकाऊ हो। 1974 में अपनी स्थापना के बाद से, निगम ने प्रशिक्षण प्रदान करके, प्रयोग को प्रोत्साहित करके, बाज़ारों का विस्तार करके और जीवन स्तर में सुधार करके हज़ारों ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बनाया है।

कारीगरों के हितों को बढ़ावा देना, परंपरा का संरक्षण

चमड़ा उद्योग में निगम की भागीदारी केवल आर्थिक मुद्दों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि निगम अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। निगम कोल्हापुरी फुटवियर हस्तशिल्प को पुनर्जीवित करने और बदलती अर्थव्यवस्था में इसके अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए कई मोर्चों पर काम करता है। निगम कई सुनियोजित योजनाओं को क्रियान्वित करता है जैसे प्रशिक्षण केंद्रों का विकास, स्व-विकास समूहों का सशक्तिकरण, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के बीच खरीदारों और आपूर्तिकर्ताओं की एक श्रृंखला का निर्माण। निगम के उद्देश्यों के बारे में बात करते हुए, प्रबंध निदेशक श्रीमती प्रेरणा देशभ्राता (आईएएस) कहती हैं :

"कोल्हापुरी चपलाएँ केवल उपयोगितावादी मूल्य की वस्तुएँ नहीं हैं, बल्कि उनमें देशभक्ति, आत्मनिर्भरता और अस्तित्व जैसी गौरवशाली परंपराओं की कई कहानियाँ समाहित हैं, जिनका संरक्षण आवश्यक है। अपने संगठन के माध्यम से, हम यह सुनिश्चित करने

का प्रयास करते हैं कि यह सांस्कृतिक विरासत हमारे कारीगरों के हाथों को सदैव मज़बूत बनाए रखे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करे।"

आधुनिक अर्थव्यवस्था में प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए भौगोलिक पहचानकर्ता

कोल्हापुरी शिल्पकला की मूल परंपरा को संरक्षित रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि बाज़ार में अन्य निर्माता लाभ के लिए इसकी नकल न करें, महाराष्ट्र और कर्नाटक के चमड़ा उद्योग विकास निगमों ने 2019 में संयुक्त रूप से आवेदन (आवेदन संख्या 169) किया और भौगोलिक सूचकांक टैग प्राप्त किया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में इस कानूनी प्रावधान के कारण, प्रामाणिक कोल्हापुरी चप्पल बनाने के सभी अधिकार अब महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ जिलों के लिए आरक्षित हैं।

बौद्धिक संपदा को विनियमित करने वाले ट्रिप्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों के तहत सदस्य देशों के लिए जीआई टैग के प्रावधान बाध्यकारी हैं। भौगोलिक संकेत चिह्न या जीआई टैग प्रमाणपत्र जूते को "पारंपरिक तकनीकों का उपयोग करके हाथ से बनाया गया, बिना किसी कृत्रिम कच्चे माल या मशीनरी के उपयोग के, खुले पैर के डिज़ाइन वाला और प्राकृतिक रूप से टैन किए गए चमड़े से बना" के रूप में परिभाषित करता है। यह प्रमाणपत्र कारीगरों की पहचान की रक्षा करने और बाजार में उनकी विश्वसनीयता साबित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पारंपरिक हस्तशिल्प के साथ प्रौद्योगिकी का संयोजनः प्रामाणिक उत्पादों के लिए क्यूआर कोड

जालसाजी रोकने और कारीगरों की पहचान उजागर करने के एक और कदम के रूप में, निगम ने कोल्हापुरी चप्पलों के लिए क्यूआर कोड प्रमाणीकरण शुरू किया है। अब प्रत्येक जोड़ी एक विशिष्ट क्यूआर कोड के साथ आती है। उस कोड से निम्नलिखित जानकारी प्राप्त की जा सकती है: कारीगर या उत्पादन समूह का नाम और स्थान, महाराष्ट्र में उस उत्पाद का जिला, इसमें प्रयुक्त शिल्प तकनीकें और सामग्रियाँ, जीआई प्रमाणपत्र की वैधता स्थिति। यह नई डिजिटल पहल खरीदारों का विश्वास जीत रही है और इन पारंपरिक उत्पादों को बनाने वाले कारीगरों की बाजार स्थिति को मजबूत कर रही है।

कोल्हापुरी चप्पलों की बढ़ती लोकप्रियता के बीच, चमड़ा उद्योग विकास निगम नागरिकों, डिज़ाइनरों और खरीदारों से हमारी प्रामाणिक स्वदेशी हस्तशिल्प परंपराओं और उन्हें बनाए रखने वाले समुदायों का समर्थन करने की अपील कर रहा है। कोल्हापुरी चप्पलें सिर्फ़ फैशन की चीज़ें नहीं हैं। ये हमारी संस्कृति की एक अनूठी अभिव्यक्ति हैं जो पारंपरिक हस्तशिल्प और छोटे समुदायों की मौलिक गरिमा को संरक्षित करती हैं।

संत रोहिदास चमड़ा उद्योग विकास निगम (लिडकॉम), पारंपरिक कारीगरों के कल्याण हेतु महाराष्ट्र सरकार की अनेक पहलों में से एक है। इस संगठन का उद्देश्य इस पेशे में पारंपरिक कारीगरों के हितों की रक्षा करना, नए विचारों और प्रयोगों को प्रोत्साहित करना, बाज़ार के विस्तार के तरीके खोजना और चमड़ा उद्योग में प्रगति हेतु चमड़ा कारीगर समुदाय का विकास करना है। ग्रामीण चमड़ा कारीगरों के साथ अपने कार्य के माध्यम से, निगम ने कोल्हापुरी चप्पल को महाराष्ट्र के सांस्कृतिक इतिहास और जन-केंद्रित अर्थव्यवस्था के एक प्रमुख प्रतीक के रूप में पुनः स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

– **राकेश बेद,** प्रबंधक, लिडकॉम

सोनम कपूर ने डियोर ऑटम शो 2025 ने बिखेरा जलवा

बॉलीवुड अभिनेत्री और ग्लोबल फैशन आइकन सोनम कपूर ने डियोर ऑटम शो 2025 में अपनी मौजूदगी से सभी का ध्यान आकर्षित किया। जापान की सांस्कृतिक राजधानी क्योटो में आयोजित इस शो में सोनम ने डियोर प्री-फॉल 2025 के शानदार परिधान में शिरकत की और अपने अंदाज़ में गरिमा व स्टाइल का संगम प्रस्तुत किया। वह इस शो में भाग लेने वाली एकमात्र बॉलीवुड स्टार रहीं।

डियोर की ब्रांड एम्बेसडर के रूप में, सोनम कपूर ने एक बार फिर अपनी विशिष्ट एलिगेंस और सादगी का परिचय दिया। यह शो क्योटो के प्रसिद्ध टो-जी मंदिर में आयोजित किया गया, जिसमें सोनम कई प्रतिष्ठित मेहमानों के साथ शामिल हुईं।

सोनम को उनकी बहन रिया कपूर ने स्टाइल किया था। उन्होंने अपनी डियोर लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, जिन्हें फैशन क्रिटिक्स और फैन्स से काफी सराहना मिली। इस शो में भाग लेने पर सोनम कपूर ने कहा, जापान हमेशा मेरे दिल के बेहद करीब रहा है। शादी के बाद मैं अपने पति के साथ क्योटो कई बार आई हूं और यहां के लोगों की गर्मजोशी और अपनापन महसूस किया है। इस साल डियोर एम्बेसडर के तौर पर लौटना मेरे लिए और भी खास है।

आलिया भट्ट ने बताया अपना पसंदीदा शेफ

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उन्होंने मंगलवार को बताया कि उनका पसंदीदा शेफ कौन है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर रचनात्मक व्यंजनों की एक तस्वीर पोस्ट की। अभिनेत्री ने बताया कि यह मॉडलिंग क्ले का उपयोग करके उनकी बेटी द्वारा बनाया गया है। आलिया ने अपनी बेटी की रचनात्मकता की प्रशंसा की और प्यार से राहा को अपना पसंदीदा शेफ बताया। आलिया ने फोटो को कैप्शन दिया। मेरा 7-कोर्स भोजन। मेरे पसंदीदा शेफ द्वारा तैयार किया गया।

बेहतरीन अभिनेता हैं रणबीर कपूर: इमरान

अभिनेता इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच इमरान हाशमी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। उन्होंने बॉलीवुड में उभरती प्रतिभाओं के बारे में खुलकर बात की और रणबीर कपूर को उनकी जनरेशन का बेस्ट स्टार बताया। उन्हें मौजूदा पीढ़ी के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक बताते हुए हाशमी ने 'एनिमल' में रणबीर के अभिनय की तारीफ की।रणबीर की अभिनय क्षमता की तारीफ करते हुए इमरान ने कहा,मैं सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करूंगा- यह शोर से भरा एक इको चैंबर है। इसे गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।

गायिका किंजल दवे ने किए महाकाल के दर्शन

गायिका और अभिनेत्री किंजल दवे बुधवार को उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के द्वार पहुंचीं, जहां उन्होंने महाकाल के दर्शन किए और भस्म आरती में शामिल हुईं। गुजराती गायिका महाकाल की भक्ति में डूबी नजर आईं। किंजल दवे ने नंदी हॉल में बैठ भगवान महाकालेश्वर की साधना की। चांदी द्वार से दर्शन पूजन कर उन्होंने भगवान का आशीर्वाद लिया। श्रीराम पुजारी ने पूजन सम्पन्न करवाया। उन्होंने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के बाद खुशी जाहिर की। दर्शन-पूजन के पश्चात गायिका ने मंदिर समिति और मध्य प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह बाबा के मंदिर पहली बार आई हैं और उन्हें अच्छे से दर्शन हुए। उन्होंने कहा कि मैं भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर काफी खुश हूं। मैं यहां पहली बार आई हूं, पहली बार भस्म आरती में शामिल होकर काफी खुशी मिली है। बाबा का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। पुजारी श्रीराम ने गायिका को नीले रंग का पटका प्रसाद स्वरूप भेंट किया।

बता दें, किंजल दवे महाकाल पर भक्ति गीत 'जिसे मोह न माया जाल का वो भक्त है महाकाल का' भी गा चुकी हैं। कई गुजराती फिल्मों मे गाने गा चुकीं किंजल दवे का जन्म गुजरात के पाटण जिले में हुआ है। गायन के साथ ही किंजल अभिनय में भी निपुण है, वह कुछ फिल्मों में अभिनय भी कर चुकी हैं। किंजल दवे गायिका और अभिनेत्री के साथ ही राजनीति में भी सक्रिय हैं। वह भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी हैं। महाकाल के दर्शन को उज्जैन पहुंचने वाले सितारों की लिस्ट काफी लंबी हो चुकी है। 30 मार्च को अभिनेता विंदु दारा सिंह महाकाल के दर्शन किए और भस्म आरती में भी शामिल हुए। उनके साथ परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। महाकालेश्वर मंदिर में होने वाली भस्म आरती लोकप्रिय है और इसमें शामिल होने के लिए दुनियाभर से श्रद्धालु उज्जैन आते हैं।

यह पत्र मालक, मुद्रक, प्रकाशक मिलिंद दहीवले ने एम.पी.ऑफसेट सिरसपेठ चौक, उमरेड़ रोड, नागपुर यहां से मुद्रित कर कार्यालय - फ्लैट नंबर 204, दूसरा माला, साकेत अपार्टमेंट, फूलमती ले-आउट, आरोग्यम क्लीनिक के पास, नागपुर-440027 से प्रकाशित किया. मिलिंद दहीवले, मो.9552011005. email : manvadhikar2012@gmail.com वेबसाईट: www.kendriyamanvadhikar.com

This paper is printed by owner, printer and publisher Milind Dahiwale at MP Offset, Siraspeth Chowk, Umred Road, Nagpur and published from office Flat No. 204, Second Floor, Saket Apartment, Phulmati Layout, Near Arogya Clinic, Nagpur 440027. Milind Dahiwale Mobile No. 9552011005. email : manvadhikar2012@gmail.com वेबसाईट: www.kendriyamanvadhikar.com

केन्द्रीय मानवाधिकार समाचार पत्र में प्रकाशित सभी लेख, छायाचित्र पर संपादक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है। न्यायिक कार्यवाही केवल नागपुर न्यायालय में होगी।

न्यूज गैलरी

'सबसे पहले राष्ट्र... देश को बेहतर बनाने का माध्यम है राजनीतिक पार्टियां'

नई दिल्ली – कांग्रेस सांसद शशि थरूर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इन दिनों सियासी गलियारों में ऐसी चर्चा है कि उनकी नजदीकियां अब बीजेपी की ओर बढ़ रही हैं। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि राष्ट्र पहले आता है। पार्टियां देश को बेहतर बनाने का माध्यम हैं। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा कि किसी भी पार्टी का उद्देश्य एक बेहतर भारत का निर्माण करना होता है। उन्होंने कहा कि वह देश की सशस्त्र सेनाओं और सरकार का समर्थन करने के अपने रुख पर अड़े रहेंगे, क्योंकि उनका मानना है कि 'यह देश के लिए सही बात है।' कांग्रेस सांसद ने कहा, 'आपकी पहली निष्ठा किसके प्रति है? मेरे विचार से राष्ट्र सर्वप्रथम है। पार्टियां राष्ट्र को बेहतर बनाने का माध्यम हैं। इसलिए मेरे विचार से आप जिस भी पार्टी से हों, पार्टी का उद्देश्य अपने तरीके से एक बेहतर भारत का निर्माण करना है।' उन्होंने यहां 'शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय विकास' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'अब, पार्टियों को इस बात पर असहमत होने का पूरा अधिकार है कि ऐसा करने का सबसे अच्छा तरीका क्या है? जैसा कि आप जानते हैं, बहुत से लोग मेरे रुख के कारण मेरे आलोचक रहे हैं, क्योंकि मैंने सशस्त्र बलों और हमारी सरकार का समर्थन किया है तथा हाल में हमारे देश और हमारी सीमाओं पर जो कुछ हुआ है, उसके बारे में भी मैंने ऐसा ही रुख अपनाया है।' कांग्रेस सांसद ने कहा, 'लेकिन मैं अपनी बात पर अड़ा रहूंगा, क्योंकि मेरा मानना है कि यह देश के लिए सही बात है।' बाद में कार्यक्रम से इतर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि 'राष्ट्र प्रथम हमेशा से मेरा दर्शन रहा है।' उन्होंने कहा कि वह भारत केवल इसलिए लौटे हैं ताकि राजनीति के माध्यम से और राजनीति से बाहर भी हर संभव तरीके से देश की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा, 'मैंने ऐसा करने की कोशिश की है।' यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें कांग्रेस आलाकमान से कोई समस्या है, थरूर ने कहा कि वह यहां किसी राजनीति या समस्या पर चर्चा करने नहीं आए हैं।



द्वीप राष्ट्र समोआ 6.6 तीव्रता वाले भूकंप के झटके से कांपा

मेलबर्न – दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप राष्ट्र समोआ को भूकंप का तेज झटका लगा है। शुक्रवार को 6.6 तीव्रता के भूकंप से इस देश के लोग दहशत में आ गए हैं। दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप राष्ट्र समोआ को भूकंप का तेज झटका लगा है। शुक्रवार को 6.6 तीव्रता के भूकंप से इस देश के लोग दहशत में आ गए हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण एजेंसी के अनुसार यह भूकंप स्थानीय समयानुसार देर सुबह राजधानी अपिया से 440 किलोमीटर (273 मील) दक्षिण-पश्चिम में, 314 किलोमीटर (195 मील) की गहराई में आया। अब तक किसी प्रकार की क्षति या चोट की कोई तत्काल रिपोर्ट नहीं मिली है। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने इस भूकंप के बाद कोई सुनामी चेतावनी जारी नहीं की। बता दें कि समोआ "रिंग ऑफ फायर" पर स्थित है। यह प्रशांत महासागर के चारों ओर फैला एक भूकंपीय क्षेत्र है, जहां भूकंप और ज्वालामुखीय गतिविधियां आम हैं। गौरतलब है कि 2009 में, समोआ और अमेरिकी समोआ (एक अमेरिकी क्षेत्र) के बीच दो बड़े भूकंप आए थे, जिनके कारण सुनामी लहरें उठीं और समोआ, अमेरिकी समोआ और टोंगा में कम से कम 192 लोगों की जान गई थी।

शारदा यूनिवर्सिटी छात्रा सुसाइड केस, मां ने प्रोफेसर को जड़ा तमाचा

नोएडा – शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा ने 18 जुलाई को सुसाइड कर लिया था। इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ के केस दर्ज किया गया है। इस बीच छात्रा की मां ने प्रोफेसर को तमाचा जड़ दिया। ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने 18 जुलाई को हॉस्टल में जान दे दी थी। इस सुसाइड केस में दो प्रोफेसरों का नाम सामने आया है। मृतक छात्रा का नाम ज्योति शर्मा है, जिसने यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। ज्योति बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी की सेकेंड ईयर की छात्रा थी। इस मामले मे पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जान देने वाली छात्रा के परिजन लगातार इंसाफ की मांग कर रहे हैं। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में भी लिया है। इस बीच ज्योति शर्मा की मां ने यूनिवर्सिटी के डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के हेड को थप्पड़ लगा दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, छात्रों ने बताया कि जाली हस्ताक्षर के आरोपों की वजह से ज्योति तनाव में थी। मां का आरोप है कि बेटी को शिक्षकों की तरफ से कहा जाता था कि तुम तो खुद सिग्नेचर कर लेती हो। हमारी जरूरत क्या है? हम तुम्हें फेल कर देंगे।" फिलहाल इस मामले में दो शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया गया है और यूनिवर्सिटी ने एक हाई लेवल कमेटी का भी गठन किया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। दो लोगों को अभी पूछताछ के लिए हमने हिरासत में लिया है, अभी गिरफ्तारी नहीं की है। सबूतों के आधार पर कार्रवाई करेंगे, जांच जारी है।

महिला तस्कर से 10 लाख की स्मैक बरामद

कटिहार – कटिहार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रौतारा थाना क्षेत्र से 800 ग्राम स्मैक के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि छोटू नामक युवक की गैरमौजूदगी में उसकी पत्नी ही तस्करी का पूरा काम संभाल रही थी। कटिहार पुलिस ने सीमांचल में स्मैक की तस्करी के काले खेल का पर्दाफाश करते हुए एक महिला को गिरफ्तार कर 800 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरामद स्मैक की बाजार में कीमत 8 से 10 लाख रुपये बताई जा रही है। बताया जाता है कि महिला पहले स्मैक की कालाबाजारी में अपने पति का साथ देती थी और बाद में खुद स्मैक डिलीवरी में उतर चुकी है।

कटिहार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रौतारा थाना क्षेत्र से 800 ग्राम स्मैक के साथ एक महिला तस्कर

को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि छोटू नामक युवक की गैरमौजूदगी में उसकी पत्नी ही तस्करी का पूरा काम संभाल रही थी। इस मामले ने एक बार फिर दिखा दिया कि कैसे यह ज़हर सीमांचल में फैलाया जा रहा है। एएसपी अभिजीत कुमार सिंह ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस महिला का पति छोटू पासवान पहले भी स्मैक तस्करी को लेकर जेल जा चुका है और हाल के दिनों में वह जेल से बेल पर छूटने के बाद फिर से स्मैक तस्करी के मामले में ही प्राणपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार होने के बाद फिलहाल जेल में है। पुलिस की मानें तो छोटू के गैर मौजूदगी में उनकी पत्नी ही स्मैक डिलीवरी के काम को संभाल रही थी। पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर छापा मारकर 800 ग्राम स्मैक के साथ महिला को गिरफ्तार कर लिया। बरामद स्मैक का बाजार मूल्य लगभग 8 से 10 लाख रुपये बताई जा रहा है। सफेद नशा के इस काला खेल में एक बार फिर बंगाल के रास्ते सीमांचल के इलाके तक स्मैक तस्करी के मामला सामने आया है। बता दें कि स्मैक एक जानलेवा नशा है जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह खत्म कर देता है। रासायनिक रूप से इसे डाई-एसिटिल-मॉर्फीन कहा जाता है।

9.19 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

